भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 63 | बिजौलिया - शुक्रवार ,16 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

दबाव और धमकी से नहीं चलेगा न्याय- सुप्रीम कोर्ट, राहुल गांधी सहित 16 नेताओं को नोटिस

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 12 अक्टूबर को विपक्षी नेताओं के मार्च और उनके जुटने से जुड़े मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्ट कहा कि न्यायालय को डराने या दबाव में लेने की कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय को बाहर कही जा रही बातों और भीतर हो रही गतिविधियों, दोनों की जानकारी है। न्यायालय किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं रह रहा है और हर घटनाक्रम पर उसकी नजर है।

मुख्य न्यायाधीश ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्ति को अपने आचरण पर सफाई देनी होगी। 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के पहुंचने से जुड़े मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव सहित 16 नेताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।



साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा गया है।

चार वकीलों ने दायर की याचिका

12 अक्टूबर को हुए मार्च के बाद चार वकीलों ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्यायालय परिसर में राजनीतिक प्रदर्शन रोकने के लिए नियम बनाने, संबंधित घटनाक्रम के दृश्य सुरक्षित रखने और मार्च में शामिल नेताओं की भूमिका की जांच कराने की मांग की। याचिका में यह भी कहा गया कि किसी प्रदर्शन का आह्वान करने वाले व्यक्ति की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और उसे अपने आह्वान से उत्पन्न परिस्थितियों के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

दृश्य सुरक्षित रखने के निर्देश

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता गौरव भाटिया ने न्यायालय से उन निगरानी कैमरों के दृश्यों को सुरक्षित रखने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की, जिनमें राहुल गांधी के सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने की गतिविधियां दर्ज होने की बात कही गई है। याचिका में आरोप लगाया गया कि इस दौरान एक गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया गया था। हालांकि, यह आरोप है और इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

घर के बाहर खड़ी काली स्कॉर्पियो चोरी, GPS भी तोड़ा; 16 मिनट में वाहन लेकर चोर हुए फरार, पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल,सीसीटीवी में कैद हुए वारदात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की बापू कॉलोनी स्थित हरिजन बस्ती में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए घर के बाहर खड़ी काले रंग की स्कॉर्पियो कार चोरी कर ली। चोर महज 16 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने वाहन में लगा जीपीएस भी तोड़ दिया, जिससे कार की लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बापू कॉलोनी में बाबाराम मंदिर वाली गली निवासी विवेक कुमार घावरी पुत्र शिवराज घावरी अपने परिचित नरेश पाराशर पुत्र शंकरलाल पाराशर की काले रंग की स्कॉर्पियो निजी काम के लिए मांगकर लाए थे। उन्होंने बुधवार गुरुवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे कार अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह करीब सात बजे बाहर आकर देखा तो कार गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लगा।

जानकारी के अनुसार, वारदात बुधवार गुरुवार की मध्यरात्रि करीब 2:40 बजे से 2:56 बजे के बीच हुई। चोरों ने घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो को निशाना बनाया और कुछ ही देर में उसे लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में वारदात से जुड़ी गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने और उनके आने-जाने के रास्तों का पता लगाने में जुटी है।

वाहन मालिक नरेश पाराशर ने गुरुवार को सिटी कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट पेश की है।

घनी आबादी वाले क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी चार पहिया गाड़ी चोरी होने से पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू किए। पुलिस वाहन की तलाश के साथ ही चोरों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है।

स्लीपर बस की टक्कर से मां-बेटी सहित 3 की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ किशनगढ़।

जयपुर-किशनगढ़ हाईवे-48 पर पाटन चौराहे के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार स्लीपर बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में फलौदा निवासी लाडा देवी और उनकी बेटी हंसा सहित हरमाड़ा निवासी भागचंद जाट शामिल हैं। थानाधिकारी बीएल जाट ने बताया कि टक्कर के बाद बाइक सवार बस के साथ काफी दूर तक घसीटते चले गए। सूचना पर बांदरसिंधरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

दुष्कर्म के आरोपी युवक की मौत पहली पेशी के बाद घर में मिला शव

भीलवाड़ा फोकस @ दौसा।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी 21 वर्षीय युवक की बुधवार को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, पॉक्सो न्यायालय में पहली पेशी के बाद युवक घर लौटा था। शाम करीब 7:30 बजे पुलिस को गांव में एक व्यक्ति के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और दौसा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस ने बताया कि युवक के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। जांच पूरी होने के बाद 20 अगस्त 2026 को न्यायालय में आरोपपत्र पेश किया गया था। बुधवार को इसी मामले में उसकी पहली पेशी हुई थी। इसके बाद वह घर लौट आया था।

पुलिस के अनुसार, घटना से पहले युवक ने अपने बड़े भाई को कई बार फोन किए थे। हालांकि, उसने यह



कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की जाएगी।

हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन तेज रफ्तार से दौड़ रही ओवरलोड, परिवहन व पुलिस विभाग ने नहीं की कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(**सांवर वैष्णव**):- नेशनल हाईवे 758 पर बुधवार को हुए सड़क हादसे के बाद भी प्रशासन नहीं चेता और जोगणिया माता से आने वाली निजी बसें सड़कों पर तेज रफ्तार और ओवरलोड होकर दौड़ती हुई दिखी । बुधवार को दोपहर को सवाईपुर कस्बे में कोटड़ी चौराहा के पास जोगणिया माता से श्रद्धालुओं को लेकर भीलवाड़ा की तरफ जा रही तेज रफ्तार एक निजी बस का टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी खा गई थी, जिसमें बस में सवार आठ श्रद्धालु घायल हुए थे, गनिमत रही की इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे के बाद भी प्रशासन नहीं चेता और कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते बस चालकों के हौसले



बुलंद दिखे और दुसरे दिन गुरुवार को जोगणियां माता से आने वाली बसें ऊपर-नीचे श्रद्धालुओं से खचाखच भारी तेज रफ्तार में ये बसें लाडपुरा चौकी, बिगोद थाना, सवाईपुर चौकी व सदर थाने के बाहर से होकर गुजराती है लेकिन इनको रोकने वाला कोई नहीं है बुधवार को जिले में बसों के दो अलग-अलग हादसे हुए, लेकिन इसके बाद भी परिवहन विभाग नहीं चेता और कोई कार्रवाई नहीं की ।।


सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की खुदकुशी: मोर्चरी से कलेक्ट्रेट तक फूटा आक्रोश, 10 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

शहर में सूदखोरी के काले कारोबार और कथित धमकियों ने एक और हंसता-खेलता परिवार उजाड़ दिया है। शिवाजी मार्ग पथिक नगर निवासी युवक दुर्गेश कुमार दरोगा ने सूदखोरों की लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर बुधवार रात अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना के बाद गुरुवार को शहर में भारी आक्रोश फैल गया। पीड़ित परिवार और समाज के बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर एकत्र हुए और इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।





युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और समाज के लोग महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन करने के बाद कलेक्ट्रेट तक गये। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और 'सूदखोरों को फांसी दो' की मांग के नारे लगाए। हालात की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सदर अंजलि मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारियों को निष्पक्ष जांच व उचित कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

भाई ने दी 10 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

मृतक के भाई कमलेश कुमार पुत्र जगदीशचंद्र दरोगा ने सुभाषनगर थाने के सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल को दी गई शिकायत में 10 लोगों को नामजद किया है। रिपोर्ट में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमे योगेश कुमार माली, विकास उपाध्याय, प्रकाश मूंदड़ा, प्रकाश मूंदड़ा की पत्नी, भंवर लाल शर्मा, राकेश भदादा, निलेश जैन, शांति लाल अहीर, मुकेश अहीर और अकरम शाह शामिल हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इन सभी ने मिलकर अवैध वसूली के लिए मृतक पर दबाव बनाया, उसे लगातार डराया-धमकाया और मानसिक रूप से इस कदर प्रताडित किया कि उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

कमलेश ने रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासे करते हुए बताया कि उसके भाई दुर्गेश ने इन लोगों से 2 रुपये सैकड़ा के हिसाब से रुपए उधार लिए थे और मूल राशि के साथ ब्याज भी चुका दिया था। इसके बावजूद ये लोग 10 रुपये सैकड़ा के हिसाब से चक्रवृद्धि ब्याज की मांग कर रहे थे।

आरोप है कि 8 अक्टूबर को योगेश माली पीड़ित के घर पहुंचा और 16 लाख 35 हजार रुपए की मांग करते हुए मकान का इकरारनामा अपने नाम करवाने का दबाव बनाया। दुर्गेश व उसकी मां को कोर्ट ले जाकर इकरार नामा करवा लिया और दुर्गेश से खाली चेक व स्टांप हस्ताक्षर भी करवा लिए गए। 14 अक्टूबर को भी दिनभर और शाम को फोन कर लगातार रुपए के लिए धमकाया गया और यहां तक कहा गया कि 'कल सुबह तक रुपए नहीं दिए तो मकान पर कब्जा कर लेंगे। '

मां और पत्नी के सामने रोया, फिर उठाया खौफनाक कदम


परिजनों के मुताबिक, धमकियों से घबराए दुर्गेश ने घर आकर अपनी मां और पत्नी को पूरी बात बताई और रोते हुए अपना दर्द बयां किया। इसी मानसिक तनाव और दबाव के चलते बुधवार रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच दुर्गेश ने घर की छत पर बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

सुभाष नगर पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मामला संज्ञान में ले लिया है। डीएसपी सदर और स्थानीय पुलिस अब नामजद आरोपियों की भूमिका, कथित वित्तीय लेन देन, ब्याज के दस्तावेजों और धमकियों से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाही की जाएगी

सवाईपुर क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज, आधे घंटे की बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(**सांवर वैष्णव**):- सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया । दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ, जो करीब आधे घंटे तक लगातार जारी रहा । अचानक हुई इस बेमौसम बारिश ने धरतीपुत्र किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं । इन दिनों क्षेत्र में खरीफ फसलों की कटाई का काम जोरों पर चल रहा है । किसानों ने अपने खेतों में मक्का और ज्वार की फसलें



काटकर सुखाने के लिए छोड़ रखी । अचानक आई इस तेज बारिश के कारण खेतों में पड़ी फसलें पूरी तरह भीग गई । किसानों को फसल संभालने तक का मौका नहीं मिला, जिससे फसलों में नुकसान की आशंका जताई जा रही है ।।

अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन : पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री

रामकथा के पांचवें दिन श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, 18 अक्टूबर को होगी खाटू श्याम व गरुड़ भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

श्री बजरंग कीर्तन सांस्कृतिक कला मंडल के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत आयोजित रामकथा के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के शिव धनुष भंग और माता सीता के स्वयंवर का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। मनुष्य को अपने मन को निर्मल रखते हुए राग-द्वेष का त्याग करना चाहिए और निरंतर हरि स्मरण करना चाहिए। ऐसे निर्मल भाव रखने वाले भक्तों पर भगवान की कृपा बनी रहती है।

मंडल सदस्य महेश तेली ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक मंदिर परिसर में द्वारकाधीश, सांवरिया सेठ, श्रीनाथजी और खाटू श्यामजी के दरबार की विशेष झांकियां सजाई जाएंगी। नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर में प्रतिदिन हवन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को खाटू श्यामजी एवं गरुड़ भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लें युवा : कोठारी

समाचार पत्र वितरक दिवस पर वितरकों का सम्मान, उनके योगदान को सराहा



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर गुरुवार को विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधायक कार्यालय में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर समाचार पत्र वितरक दिवस के उपलक्ष्य में वितरकों को शुभकामनाएं देकर उनके योगदान की सराहना की गई।

विधायक कोठारी ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, संघर्ष, मेहनत और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। साधारण परिवार से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और राष्ट्रसेवा से भारत का गौरव बढ़ाया। उनका जीवन युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि समाचार पत्र वितरक विपरीत परिस्थितियों में भी सुबह घर-घर अखबार पहुंचाकर समाज को देश-दुनिया की खबरों से जोड़ते हैं। उनका योगदान जनजागरण में महत्वपूर्ण है। इस दौरान समाचार पत्र वितरक संघ अध्यक्ष अशोक खोईवाल सहित राजा राम जैन, भेरूलाल सिखवाल, रामेश्वर प्रजापत, किशोर लखवानी, घनश्याम तेली और कमलेश वैष्णव को साहित्य भेंट कर शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक ने किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, कैलाश जीनगर, बहादुर सिंह, कमल कोठारी, विनोद मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

15 वार्डों में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला, निर्दलीय और बीएपी प्रत्याशी भी मैदान में

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

खजूरी पंचायत समिति के आम चुनाव में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद अब चुनावी तस्वीर साफ होने लगी है। 15 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। वहीं, 1 वार्ड में निर्दलीय और 2 में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के प्रत्याशी भी चुनावी मुकाबले में हैं। प्रत्याशियों की सूची सामने आने के बाद क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज होने की संभावना है।

भाजपा और कांग्रेस ने सभी 15 वार्डों में उम्मीदवार उतारे हैं। वार्ड संख्या 1 में भाजपा के नारायण लाल और कांग्रेस के रंगलाल के बीच मुकाबला होगा। वार्ड 2 में भाजपा के रामपाल रेगर के सामने कांग्रेस के नारायण चुनाव लड़ेंगे। वार्ड 3 में भाजपा के रामेश्वर लाल गुर्जर और कांग्रेस के राम नारायण गुर्जर मैदान में हैं।

वार्ड 4 में भाजपा के गोपाल और कांग्रेस के दुर्गालाल, वार्ड 5 में भाजपा की शकुन्तला और कांग्रेस की गुणमाला, वार्ड 6 में भाजपा की लाली देवी और कांग्रेस की मीरा के बीच मुकाबला है। वार्ड 7 में भाजपा की आशा और कांग्रेस की निशा प्रत्याशी हैं।

वार्ड 8 में भाजपा के रामपाल रेगर के सामने कांग्रेस के हेमराज चुनाव लड़ेंगे। वार्ड 9 में भाजपा की आरती और कांग्रेस की हेमलता, वार्ड 10 में भाजपा के कुशाल और कांग्रेस की मनीषा मीणा मैदान में हैं। वार्ड 11 में भाजपा की फौरी और कांग्रेस के महावीर प्रसाद के बीच मुकाबला होगा।

इसी प्रकार वार्ड 12 में भाजपा की दुर्गा देवी खटीक और कांग्रेस की काली, वार्ड 13 में भाजपा की रमीला और कांग्रेस की आशा देवी, वार्ड 14 में भाजपा की मोहनी और कांग्रेस की काली देवी तथा वार्ड 15 में भाजपा की संगीता देवी और कांग्रेस की ललिता देवी प्रत्याशी हैं।

निर्दलीय और बीएपी प्रत्याशी भी मैदान में

वार्ड 1 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामेश्वर चुनाव मैदान में हैं।

वहीं, वार्ड 10 से भारत आदिवासी पार्टी के सोनेश कुमार मीणा और वार्ड 11 से रविन्द्र कुमार मीना चुनाव लड़ेंगे।

श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का भव्य आयोजन

भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से लिया कथा का आनंद





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

श्री सिंगोली श्याम की असीम अनुकंपा से नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव के पंचम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की पावन गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर गोवर्धन पूजा कर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला।

कथा प्रवक्ता *पूज्य मुरलीधर जी पंचोली बरूंदनी* ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की और प्रकृति, गौमाता तथा गोवर्धन पर्वत के महत्व का संदेश दिया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और सच्ची श्रद्धा के साथ की गई भक्ति सदैव कल्याणकारी होती है। गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भक्ति एवं श्रद्धा के साथ आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्तिमय वातावरण ने कथा स्थल को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। महाराज श्री ने गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण, गौसेवा, सामूहिक सद्भाव और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति में गोवर्धन पूजा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और भगवान की कृपा के स्मरण का प्रतीक है।इस अवसर पर पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया भी उपस्थित रहे

सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजक श्रीमती मैना देवी जी, श्री राम सोमानी, श्रीमती पायल एवं गौरव जी सोमानी परिवार द्वारा धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है इस अवसर पर पूर्व सांसद सुभाष चंद्र बहेडिया भी कथा में उपस्थित रहे

श्रद्धालुओं ने आचार्य रामदयालजी महाराज के समक्ष लगाई आगामी चातुर्मास एवं दीपावली के लिए अर्जियां

पंचमी महोत्सव पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ निकाली गई गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज के ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत गुरूवार को रामस्नेही परम्परा के अनुरूप माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पंचमी महोत्सव चढ़ावे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भीलवाड़ा के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 9 बजे माणिक्यनगर रामद्वारा धाम से पंचमी गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सम्पन्न होने पर आयोजित पंचमी महोत्सव कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने आचार्य रामदयालजी महाराज के श्रीचरणों में वर्ष 2027 का चातुर्मास प्रदान करने एवं दीपमालिका (दीपावली) पर्व प्रदान करने के लिए अर्जियां समर्पित की गई।

भीलवाड़ा चातुर्मास आयोजन समिति ने आचार्यश्री के समक्ष आगामी दीपमालिका पर्व प्रदान करने की प्रार्थना की। भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर जसवंतकंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी सहित पार्षदगणों, रामस्नेही श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों द्वारा भी आचार्यश्री के समक्ष आगामी फूलडोल महोत्सव आयोजन का सौभाग्य भीलवाड़ा को प्रदान करने की भावपूर्ण अर्जी समर्पित की गई। इसमें बताया गया कि भीलवाड़ा की धरा पर स्वामी रामचरण महाराज द्वारा विक्रम संवत 1817 में रामस्नेही सम्प्रदाय का प्रादुर्भाव हुआ ओर 1820 में अनुभव वाणी का उद्गम हुआ। इसी तरह 1822 में भीलवाड़ा रामद्वारा का स्थापना हुई ओर पहला फूलडोल इसी धरती पर हुआ था। हम सभी की भावना है कि इस बार फूलडोल का आयोजन भीलवाड़ा में हो। भीलवाड़ा में दीपावली एवं फूलडोल की अर्जी लगाने वालों में जगदीश सोमानी, रामराय काबरा, रमेश राठी, ओमप्रकाश तोषनीवाल सहित कई भक्तजन शामिल थे।

आचार्य रामदयाल महाराज ने सभी अर्जियां लगाने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी चातुर्मास कहां होगा इस बारे में रंगपंचमी पर संकेत किया जाएगा। आगामी चातुर्मास किसी तीर्थ भूमि पर करने की भावना रखते है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के लिए जिन्होंने अर्जियां लगाई उस बारे में विजयादशमी पर्व पर समाधान दिया जाएगा। आचार्य रामदयाल महाराज ने सारगर्भित प्रवचन में कहा कि समाज, राष्ट्र एवं विश्व के लिए हमारी सोच सदा सकारात्मक होनी चाहिए। सकारात्मक सोच उन्हें संवार देती है जबकि नकारात्मक सोच कष्ट प्रदान करती है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व के कल्याण की भावना से ये चातुर्मास समर्पित है। पंचमी महोत्सव में आचार्यश्री के आगामी चातुर्मास के लिए केकड़ी, जयपुर, महाजनपुरा तीर्थभूमि, घोसुण्डा, गंगापुर, कोटा, मानवत (महाराष्ट्र), ईडर (गुजरात), पुष्कर आदि स्थानों से अर्जियां लगाई गई। इसके साथ ही दीपावली पर्व के लिए प्रार्थना करने वालों में इन्दौर, भीलवाड़ा, शाहपुरा, पुष्कर के साथ महाराष्ट्र, गुजरात व पंजाब से आए श्रद्धालु शामिल थे। शाहपुरा से आए रामस्नेही श्रद्धालुओं एवं सत्संगीजनों, स्वरूपाबाई महिला मण्डल की सदस्यों ने दीपावली पर पधाराने एवं आगामी फूलडोल महोत्सव के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि शाहपुरा की पावन धरती पर वर्षो से फूलडोल महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है तो वहां का भी ध्यान रखा जाए ओर आचार्यश्री से शीघ्र ही वहां पधार दर्शन देने की प्रार्थना की। अहमदाबाद से आए श्रद्धालु गिरिराज कोठारी ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के आयोजन अजमेरा परिवार, गगराणी परिवार एवं ईनाणी परिवार का स्वागत किया। अहमदाबाद से श्याम ईनाणी एवं कैलाश ईनाणी भी आए। अतिथियों का आचार्यश्री एवं चातुर्मास समिति द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व सुबह गोटकाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संजय कॉलोनी गेट से शुरू होकर माणिक्यनगर रामद्वारा मुख्य द्वार तक निकाली गई शोभायात्रा में रामस्नेही संत बड़े साध नरपतरामजी उदयपुर, संत मनोरथरामजी आलोट, भीलवाड़ा भण्डारी खुशीरामजी, संत प्रीतमरामजी कोटा, युवा संत रामजस ईडर, संत गौतमरामजी, संत जयरामजी, संत खुशीरामजी का सानिध्य प्राप्त हुआ। शोभायात्रा में चातुर्मास आयोजक भंवरलाल अशोककुमार अजमेरा परिवार, लालचंद शिवकुमार अशोककुमार मुकेशकुमार गगराणी परिवार एवं मुरली श्याम ईनाणी परिवार के सदस्य महाप्रभु स्वामी श्रीरामचरण महाराज की वाणीजी को मस्तक पर रखकर चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा रामद्वारा धाम पहुंचने के बाद पंचमी महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ। पंचमी महोत्सव के अवसर पर चातुर्मास लाभार्थी अजमेरा परिवार, गगराणी परिवार एवं ईनाणी परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का आयोजन किया गया। पंचमी महोत्सव में शामिल होकर आचार्य रामदयालजी महाराज के दर्शनलाभ एवं आशीर्वाद पाने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।



QUICK BITES

मतदाता सूची से नाम विलोपन एवं आपत्ति के लिए फॉर्म-7 के नये दिशा निर्देश एवं सीमाएं निर्धारित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची से नाम विलोपन अथवा आपत्ति दर्ज कराने के लिए व्यक्तिगत निर्वाचकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले फॉर्म-7 के संबंध में नए दिशा-निर्देश एवं सीमाएं निर्धारित की गई हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तिगत निर्वाचकों द्वारा बिना किसी ठोस आधार के थोक में आपत्ति फॉर्म प्रस्तुत किए जाते हैं। इससे वास्तविक मतदाताओं तथा फील्ड स्तरीय कार्यकर्ताओं, जिनमें बूथ स्तरीय अधिकारी , एईआरओ एवं ईआरओ शामिल हैं, को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. हरीतिमा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के प्रासंगिक पत्र के साथ प्राप्त भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की प्रति संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों , बूथ स्तरीय अधिकारियों एवं अन्य फील्ड स्तरीय कार्यकर्ताओं को इन नियमों से तत्काल अवगत कराया जाए। इसके साथ ही, आमजन में इन दिशा-निर्देशों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को फॉर्म-7 के संबंध में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी मिल सके।

महिला चैम्पियंस से संवाद, किशोरियों को दिखाया आत्मनिर्भरता का रास्ता

नारी चौपाल में शिक्षा, खेल और करियर पर चर्चा, जिले में 4 हजार बालिकाओं व महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बालिकाओं को शिक्षा, खेलकूद और करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने के साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत जिले में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित नारी चौपाल में किशोरी बालिकाओं ने महिला चैम्पियंस, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों से संवाद किया। वहीं, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से करीब चार हजार बालिकाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशन में आयोजित संवाद सत्र में बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने, आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद के दौरान किशोरियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें शिक्षा, करियर निर्माण, नेतृत्व क्षमता, खेलकूद और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बालिकाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास और करियर संबंधी विकल्पों को समझने पर जोर दिया गया।

स्वास्थ्य और पोषण पर भी फोकस

बालिका सशक्तिकरण के साथ उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता और स्वास्थ्य परीक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें पोषण, स्वच्छता और एनीमिया की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। बालिकाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। विभाग के अनुसार, इन गतिविधियों के तहत जिले में करीब चार हजार बालिकाओं और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।


शिक्षा से नेतृत्व तक आगे बढ़ने का संदेश

कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केंद्र प्रबंधक गंगा दाधीच, महिला अधिकारिता विभाग की सुवाणा पर्यवेक्षक मीनल विजयवर्गीय तथा मांडल पर्यवेक्षक हेमा नायक मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र के सानिध्य में आयोजित गतिविधियों में बालिकाओं को शिक्षा के साथ खेलकूद, नेतृत्व क्षमता और स्वरोजगार के क्षेत्र में अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विभाग का उद्देश्य स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बालिकाओं के माध्यम से सशक्त समाज की नींव मजबूत करना है।



अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष पर 17 अक्टूबर को निकलेगा शौर्य शक्ति संचलन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की ओर से अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर को भीलवाड़ा महानगर में शौर्य शक्ति संचलन निकाला जाएगा। संचलन नेहरू रोड स्थित मालियों के नोहरे से शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनों की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया जा रहा है।

दुर्गावाहिनी की महानगर सहसंयोजिका भारती आसवानी एवं अंबिका शर्मा तथा मातृशक्ति की विभाग संयोजिका गायत्री सोनी ने बताया कि संचलन मालियों के नोहरे से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगा। इसमें दुर्गावाहिनी की बहनें तलवार वाहिनी, दंड वाहिनी और पताका वाहिनी के रूप में कतारबद्ध होकर कदमताल करेंगी। घोष के साथ निकलने वाले संचलन का विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों एवं प्रबुद्धजनों की ओर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

इन मार्गों से गुजरेगा संचलन

शौर्य शक्ति संचलन मालियों के नोहरे से प्रारंभ होकर नेहरू रोड, शहीद चौक, धान मंडी, बड़ा मंदिर, सराफा बाजार, हिंदू महासभा कार्यालय, भीमगंज थाना, सिंगल हॉस्पिटल, बजरंगी चौराहा, गांधी बाजार, महाराणा टॉकीज, माणिक्य नगर चौराहा, पटवा जी की गली, माली खेड़ा और ब्रज कोट के माताजी चौराहे से होते हुए पुनः नेहरू रोड स्थित मालियों के नोहरे पहुंचेगा, जहां इसका समापन होगा।

लता पडिया रहेंगी मुख्य वक्ता

आयोजन में दुर्गावाहिनी की राजस्थान क्षेत्रीय संयोजिका लता पडिया मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी। संचलन की तैयारियों को लेकर मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनें अलग-अलग क्षेत्रों में संपर्क कर रही हैं।

कार्यक्रम के समापन के बाद सामूहिक संगत एवं पंगत भोजन का आयोजन भी किया जाएगा।

आलोक सेंट्रल स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम, नवरात्र के रंगों में रंगा विद्यालय परिसर

चेयरमैन रमेश सेन बोले सांस्कृतिक आयोजन सनातन परंपराओं के संरक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी



नवरात्र के पावन अवसर पर आलोक सेंट्रल स्कूल, शाहपुरा में गरबा महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन में सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक देखने को मिली। मां दुर्गा की आराधना से जुड़े इस पर्व के अवसर पर आयोजित महोत्सव ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

नवरात्र भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो शक्ति की उपासना, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस दौरान गरबा और डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्यों के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की जाती है। इसी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आलोक सेंट्रल स्कूल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने के साथ पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान और सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार रू रमेश सेन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शाहपुरा नगर पालिका चेयरमैन रमेश सेन ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ शारीरिक अभ्यास और व्यक्तित्व निर्माण में भी योगदान देते हैं। उन्होंने विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की।

सेन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक सहभागिता को भी महत्व देना जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग और सामूहिकता जैसे गुण विकसित करने में सहायक होते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अपनी समृद्ध परंपराओं और जीवन मूल्यों के कारण विशिष्ट पहचान रखती है। नई पीढ़ी को इन परंपराओं से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी समझें और उसका सम्मान करें। विद्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक आयोजन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

जनप्रतिनिधियों ने भी सराहे विद्यालय के प्रयास

समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ. इशाक मोहम्मद, पार्षद योगेश पारीक, मधु पोंड्रीक और रचना सुनील मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने नवरात्र पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनसे नई पीढ़ी को परंपराओं, संस्कारों और सामूहिक सहभागिता का परिचय मिलता है।

वक्ताओं ने विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उनमें सामाजिक मूल्यों के विकास का उपयोगी मंच बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का समावेश बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने में मदद करता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, सामूहिक रूप से कार्य करने और विभिन्न परंपराओं को समझने का अवसर देते हैं।

गरबा के माध्यम से संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव

नवरात्र के दौरान गरबा केवल नृत्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह मां दुर्गा की आराधना, सामूहिक उत्साह और सांस्कृतिक एकता की अभिव्यक्ति भी है। इस परंपरा के माध्यम से समाज में आस्था और सहभागिता का भाव मजबूत होता है। विद्यालयों में ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व है, क्योंकि विद्यार्थी यहां पुस्तकीय ज्ञान के साथ सामाजिक व्यवहार, सांस्कृतिक मूल्यों और सामूहिक जीवन की सीख भी प्राप्त करते हैं।

आलोक सेंट्रल स्कूल में आयोजित गरबा महोत्सव इसी उद्देश्य को केंद्र में रखकर मनाया गया। आयोजन ने विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं के महत्व से परिचित कराने और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान विकसित करने का संदेश दिया। विद्यालय स्तर पर त्योहारों से जुड़े कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति को समझने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं।

विद्यालय के संस्था प्रधान वीरेंद्र कुमार व्यास ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का साफा एवं उपरणा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने अतिथियों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की गतिविधियों में उनके सहयोग और प्रोत्साहन को महत्वपूर्ण बताया।

समारोह में विद्यालय के स्टाफ सदस्य सुशील कुमार गोड़, उषा शर्मा, शैलेंद्र सिंह राणावत, आरती शर्मा, सुषमा सेन, विष्णु जांगिड़, राजेश सेन, मुकेश तेली, गुड्डी बानो, किशन लाल धाकड़, मुरली बंजारा, देव किशन कोली, गौतम तिवाड़ी, अंजली शर्मा, चेस्ट शर्मा, अंशिका चेचाणी, आयुष आचार्य, सीताराम गुर्जर, धीरेंद्र पांचाल, खुशबू राठौड़, स्नेहा सेन, नैना पांचाल, फरजाना बानो, सुमन यादव, किरण जांगिड़, पायल नायक, रेखा प्रजापत, दिव्या श्रीवास्तव, हेम कंवर और सुचिता कांटिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पंचायत चुनावः 21 और 27 अक्टूबर को मतदान दलों का प्रशिक्षण, फिर बंटेगी चुनाव सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंचायतराज आम चुनाव 2026 को लेकर जिला निर्वाचन प्रशासन ने मतदान दलों को तैयार करने की कवायद तेज कर दी है। जिले में प्रथम चरण के मतदान दलों को 21 अक्टूबर और द्वितीय चरण के दलों को 27 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ ही मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री भी सौंपी जाएगी। प्रशासन ने दोनों चरणों में क्षेत्रवार सत्र निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होगा। प्रत्येक चरण में अलग-अलग पंचायत समितियों के मतदान दलों को निर्धारित समय पर बुलाया गया है। संबंधित क्षेत्रों के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट भी प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

पहले चरण में 21 अक्टूबर को दो सत्र

प्रथम चरण के तहत 21 अक्टूबर को सुबह 8:30 से 11 बजे तक पहले सत्र में बिजौलिया, जहाजपुर, खजूरी, कोटड़ी और मांडलगढ़ क्षेत्र के मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सत्र में 56 आरक्षित दलों सहित कुल 612 मतदान दल शामिल होंगे। प्रशिक्षण के बाद सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक मतदान सामग्री वितरण और वाहनों की रवानगी की व्यवस्था रहेगी।

इसी दिन दूसरे सत्र में सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक बनेड़ा, करेड़ा, मांडल और सुवाणा क्षेत्र के मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सत्र में 55 आरक्षित दलों सहित कुल 609 मतदान दल भाग लेंगे। इनके लिए मतदान सामग्री वितरण और वाहनों की रवानगी का समय दोपहर 1 से अपराह्न 2:30 बजे तक तय किया गया है।

दूसरे चरण के दलों को 27 अक्टूबर को प्रशिक्षण

द्वितीय चरण के लिए 27 अक्टूबर को सुबह 8:30 से 11 बजे तक फूलियाकलां, रायपुर, आसींद और शंभूगढ़ क्षेत्र के मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा। इसमें 36 आरक्षित दलों सहित कुल 391 मतदान दल शामिल होंगे। इनके लिए सामग्री वितरण और वाहनों की रवानगी सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित है।

वहीं, दूसरे सत्र में सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक सहाड़ा, शाहपुरा और ईरास क्षेत्र के मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सत्र में 28 आरक्षित दलों सहित कुल 308 मतदान दल भाग लेंगे। इन दलों को मतदान सामग्री दोपहर 1 से अपराह्न 2:30 बजे तक वितरित की जाएगी और इसके बाद वाहनों की रवानगी की व्यवस्था रहेगी।

पहले से पूरी होंगी व्यवस्थाएं

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए बैठक व्यवस्था, माइक और टेंट की व्यवस्था प्रशिक्षण से एक दिन पहले 20 अक्टूबर और 26 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन प्रशासन का जोर निर्धारित समय पर प्रशिक्षण पूरा कराने और मतदान सामग्री के व्यवस्थित वितरण पर है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो।

16108 तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव का आगाज, भूमि पूजन के साथ स्थापित हुआ महाध्वज

21 युगलों ने संतों के सानिध्य में किया भूमि पूजन, 20 नवंबर को होगा भव्य विवाह महोत्सव; 17 नवंबर से शुरू होंगे कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में 16108 श्री तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव की तैयारियों का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड पर संतों के सानिध्य में 21 युगलों ने भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाध्वज की स्थापना की गई। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महोत्सव की सफलता की मंगलकामना की। मुख्य विवाह महोत्सव 20 नवंबर को आयोजित होगा।

श्री तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव समिति, श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा समिति (संघ), सकल सनातन परिवार और समस्त श्री चारभुजा पदयात्री संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 12:11 बजे अभिजीत मुहूर्त में भूमि पूजन हुआ। महोत्सव के सूत्रधार विष्णु कृष्ण तनय महाराज और मुख्य आचार्य योगेंद्र शर्मा ने वैदिक परंपरा के



अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इससे पहले इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर, आजादनगर से ध्वज की शोभायात्रा निकाली गई, जो गाजे-बाजे के साथ मेडिसिटी ग्राउंड पहुंची।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर हंसरामजी महाराज, महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज, महंत रामदास रामायणी, महंत संतदास, महंत श्रीलाल बाबा, कल्किराम योगी सहित संतों का सानिध्य रहा। नवनिर्वाचित महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी और अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

चेचाणी परिवार बनेगा तुलसीजी का धर्म माता-पिता

महोत्सव के सूत्रधार विष्णु कृष्ण महाराज ने घोषणा की कि श्रीगढ़बोर भुजानाथ के साथ विवाह के लिए पधारने वाली तुलसीजी के धर्म माता-पिता बनने का सौभाग्य समिति अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी और शकुंतला चेचाणी को मिला है। वहीं, मामा-मामी का दायित्व समिति संयोजक एसएन गग्गड़ और चंद्रकांता गग्गड़ निभाएंगे।

17 नवंबर से शुरू होंगे आयोजन

संयोजक एसएन गग्गड़ ने बताया कि महोत्सव के कार्यक्रम 17 नवंबर से प्रारंभ होंगे। 17 से 19 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12:30 से शाम 4 बजे तक रुक्मिणी मंगल कथा होगी। 20 नवंबर को 16108 श्री तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, श्रीगढ़बोर चारभुजानाथ की भव्य बारात भीलवाड़ा पहुंचेगी।

महोत्सव में तुलसीजी के धर्म माता-पिता बनने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। समिति ने श्रद्धालुओं से समय पर पंजीयन कराने की अपील की है। भूमि पूजन और महाध्वज स्थापना के साथ ही आयोजन स्थल पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

QUICK BITES

अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 नवंबर तक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 15 अक्टूबर से खोला गया । आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रामावतार जाट ने बताया कि योजनान्तर्गत इच्छुक छात्र (बालक) ई-मित्र केंद्र अथवा एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को राजस्थान एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। इसके पश्चात् एसजेएमएस एसएमएस आइकन पर क्लिक करने से डैशबोर्ड खुलेगा। डैशबोर्ड पर डीबीटी वाउचर आइकन पर क्लिक कर जनाधार के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए निर्धारित पात्रता, शर्तों एवं सामान्य दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है। इच्छुक पात्र छात्र निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते हैं।

वार्ड 31 की जनसुनवाई में गूंजा पेयजल संकट, रोडलाइट, और सफाई का मुद्दा

पार्षद सौरभ तंवर के निवास पर पहुंचे महापौर-उपमहापौर, वार्डवासियों ने रखीं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



कहीं सफाई कर्मचारियों की कमी, कहीं रोड लाइट की समस्या तो कहीं पेयजल संकट। नगर निगम के वार्ड 31 में जनसुनवाई के दौरान वार्डवासियों ने बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं जनप्रतिनिधियों के सामने रखीं। पार्षद सौरभ तंवर के निवास पर आयोजित जनसुनवाई में महापौर जसवंत कंवर और उपमहापौर राधेश्याम सोमाणी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से समाधान के प्रयास करने का आश्वासन दिया। पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा महामंत्री पुनीत प्रताप सिंह तंवर ने बताया कि जनसुनवाई में वार्ड के वरिष्ठजनों सहित विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण सफाई व्यवस्था, विभिन्न स्थानों पर रोडलाइट की समस्या और पेयजल संकट सहित अन्य समस्याएं उठाई गईं। वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों से इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाने की मांग की। महापौर जसवंत कंवर ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वार्ड के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी तथा समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जाएगा। उपमहापौर राधेश्याम सोमाणी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों और जनसहभागिता से शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आपसी समन्वय से नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व सभापति विनोद अग्रवाल, गोपाल तेली, अभिश्रुता सोलंकी, दिनेश माली, अर्चित मुंदड़ा, भारत सिंह, सुरेंद्र पटवारी, अरुण ओझा सहित मुस्लिम समाज के वरिष्ठजन, नाथद्वारा सराय की महिलाएं तथा वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित रहे।

भाविप सीएस आजाद शाखा ने किया 600 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने और समय पर जांच व उपचार के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की चंद्रशेखर आजाद शाखा की महिला सदस्यों ने गुरुवार को दो शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत करीब 600 बालिकाओं को जागरूकता पोस्टर वितरित कर बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय, समय पर जांच, निदान एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। शाखा की महिला सदस्यों ने एलटूसी शिक्षण संस्था में करीब 350 तथा सेठ मुरलीधर कन्या विद्यालय में लगभग 250 बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना और बीमारी की समय रहते पहचान तथा उचित चिकित्सकीय परामर्श के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा इस पहल की सराहना की। महिला सदस्यों ने जागरूकता को बीमारी से बचाव और समय पर उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती आशा काबरा रहीं। अभियान में श्रीमती संगीता जागेटिया, श्रीमती रेखा तोतला, श्रीमती निधि पोरवाल, श्रीमती मीनाक्षी काबरा और श्रीमती मीनाक्षी आचार्य ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम प्रभारी आशा काबरा ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पंचायतीराज चुनाव : ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न, राजनीतिक दलों की मौजूदगी में हुआ पंचायत समितिवार आवंटन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायतीराज आम चुनाव हेतु ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की कार्यवाही पारदर्शी रूप से सम्पन्न की गई। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन के माध्यम से जिले की 16



पंचायत समितियों - प्रथम चरण की 9 पंचायत समितियों कोटड़ी, जहाजपुर, खजूरी, माण्डलगढ़, बिजौलिया, माण्डल, करेड़ा, सुवाणा, बनेड़ा एवं द्वितीय चरण की 7 पंचायत समितियों रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, फूलियाकलां, आसीन्द, शम्भूगढ़, हुरड़ा हेतु जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन के लिए ईवीएम (कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट) का पंचायत समितिवार आवंटन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेंडमाइजेशन के पश्चात मतदान हेतु एवं आरक्षित ईवीएम की सूची संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है तथा निर्धारित प्रपत्र में सूचना मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को भी उपलब्ध कराई गई। ईवीएम को मतदान हेतु तैयार करने एवं स्ट्रॉंग रूम हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, तिलक नगर, भीलवाड़ा में कक्ष पूर्व में ही निर्धारित किए जा चुके हैं। इस दौरान ए डी एम प्रशासन हरीतिमा , ए डी एम सिटी प्रतिभा एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे 7

बाल विवाह रोकने के लिए विभागों में समन्वय पर जोर, बालिकाओं के अधिकारों पर हुई चर्चा

अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर अंकुश लगाने और बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण को लेकर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसकी रोकथाम के लिए विभागीय समन्वय की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में वक्ताओं ने बाल विवाह को बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर



दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए सरकारी विभागों के साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से त्वरित आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

इस दौरान बालिकाओं को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यशाला में महिला अधिकारिता विभाग से नागेन्द्र तोलंबिया एवं संबंधित सुपरवाइजर, बाल अधिकारिता विभाग से अनुराधा तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से राधेश्याम ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय मजबूत करना और समाज में बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

पीएम श्री बापू नगर स्कूल में सजी प्रतिभाओं की विधानसभा, 4 विद्यार्थी जाएंगे जयपुर

दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में 26 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विधानसभा सत्र में करेंगे भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाषण, बहस और नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा साबित करने वाले जिले के चार विद्यार्थियों को अब जयपुर में विधानसभा सत्र में भाग लेने का अवसर मिलेगा। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में दो छात्र और दो छात्राओं का चयन किया गया। ये विद्यार्थी आगामी दिनों में जयपुर में आयोजित विधानसभा सत्र में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि कार्यक्रम में बदनोर को छोड़कर जिले के सभी 13 ब्लॉकों से 13 छात्राओं और 13 छात्रों सहित कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले दिन परिचय सत्र के बाद आशु भाषण और पैनल चर्चा आयोजित की गई, जबकि दूसरे दिन विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी प्रतियोगिताओं के समग्र मूल्यांकन के आधार पर चार विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मॉक विधानसभा का प्रदर्शन भी किया, जिसमें गौरव कुमारी का सहयोग सराहनीय रहा। छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, लेबर कॉलोनी की अनुष्का सिंह प्रथम और पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडलगढ़ की पलक नामदेव द्वितीय रहीं। छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोड़ का निंबाहेड़ा, आसींद के अशरफ शेख प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोरड़ा बावरियान, शाहपुरा के सांवरमल बावरी द्वितीय स्थान पर रहे। समापन समारोह में नगर निगम महापौर जसवंत कंवर और उपमहापौर राधेश्याम सोमानी मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश सुथार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी



सुवाणा विजयपाल वर्मा, समग्र शिक्षा के एपीसी पंकज जैन, कार्यक्रम अधिकारी सुनील राय पोरवाल, नीरज गंगवाल और योगेश दाधीच सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। एसएमसी सदस्य लक्ष्मण सिंह राठौड़, लव कुमार जोशी और सुनीता स्वर्णकार भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में कौशल श्रृंगी, अंशु वर्मा, अरुण शर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील डीडवाना, सतीश व्यास और महेंद्र धायल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन स्नेहलता सनाढ्य ने किया। अंत में उपप्रधानाचार्य मीनाक्षी सुहील ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।